दैनिक जागरण 28/03/2025

# विद्यार्थियों ने देखा राजकीय कला संग्रहालय



विद्यार्थी चंडीगढ़ में म्यूजियम का दौरा करते हुए। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता ● अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सेंटर एंड म्यूजियम एवं जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, चंडीगढ़ दिखाया गया। डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि राजकीय कला संग्रहालय एवं नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा भ्रमण के माध्यम से छात्रों के अंदर इतिहास को जानने के प्रति रुचि पैदा होती है।